तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त 2025

12 पुट्टी मंगल खां गांव में टूटी ड्रेन 200 एकड़ फसलें हुई जलमग्न

12 श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात करके उन पर अमल करें


## खबर संक्षेप

### चोरीशुदा गैस सिलेंडर सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पड़ाव चौकी पुलिस ने सुंदर नगर स्थित मकान से गैस सिलेंडर चोरी के मामले में आरोपी रामपुरा मोहल्ला निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा गैस सिलेंडर बरामद किया है। मुख्य सिपाही विक्रम सिंह ने बताया कि पड़ाव चौकी में सुंदर नगर निवासी महिला ज्योति ने एक अगस्त को उसके घर से सिलेंडर चोरी होने के बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह सुबह काम के लिए बाहर गई थी। जब वापस आई तो रसोई में गैस सिलेंडर गायब मिला। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### पिता ने की नाबालिग बेटी से छेड़छाड़, काबू

**बरवाला।** बरवाला में पिता पर 14 वर्षीय नाबालिग बेटी से अश्लील हरकतें करने और अश्लील वीडियो दिखाने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी पिता ने पढ़ाई का झांसा देकर बेटी व बेटे को अपने पास रखा था। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया। इस संबंध में पीड़िता की मांग ने बरवाला थाना में शिकायत दी है। पीड़ति की मां ने कहा कि वह पिछले 7-8 साल से अपने पति से तलाक के केस के चलते अलग रह रही है।

### नाबालिगा से छेड़छाड़ व मारपीट, केस दर्ज

**बरवाला।** क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की शिकायत पुलिस को मिली है। पुलिस सने लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के पर पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। बरवाला पुलिस को दी जानकारी में बताया कि रविवार के दिन वह मजदूरी के कार्य के लिए बाहर गया हुआ था और उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के चलते वह घर पर ही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने अपनी बहन का नाम लेकर लड़की को अपने घर बुलाया।

### बैडमिंटन चैम्पियनशिप हिसार में कल से

**हिसार।** 58वीं योनेक्स सनराइज हरियाणा राज्य सीनियर और जूनियर (अंडर-19) बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 10 अगस्त तक हिसार में किया जा रहा है। इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 500 खिलाड़ी भाग लेंगे। हिसार बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कमल शर्मा ने आज बताया कि यह प्रतियोगिता हिसार बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा बैडमिंटन नर्सरी, विद्युत नगर, हिसार में आयोजित की जा रही है, जो राज्य की प्रमुख खेल नर्सरी के रूप में स्थापित है।

## भुगतान में देरी के चलते आईएमए ने किया ऐलान

# कल से आयुष्मान कार्ड धारकों का निजी अस्पताल नहीं करेंगे इलाज

### हिसार जिले के 70 निजी अस्पतालों को सरकार की तरफ 200 करोड़ का भुगतान बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने सात अगस्त रात्रि 12 बजे से आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं करने का फैसला किया है। आईएमए ने यह फैसला निजी अस्पतालों के पूर्व के पैसों का अभी तक भुगतान नहीं करने पर लिया गया है। आईएमए ने चेतावनी दी कि जब तक सभी आयुष्मान पैनल अस्पतालों का 15 जुलाई तक के सभी लंबित भुगतान तथा तकनीकी समस्याओं को समाधान नहीं होता तब तक वे आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अपनी सेवाओं को स्थगित रखेंगे।

आईएमए की जिला अध्यक्ष डॉ. रेणु छाबडा भाटिया व सचिव डॉ. अर्चना सोनी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रदेश में करीब 655 निजी अस्पताल आयुष्मान भारत-आयुष्मान हरियाणा योजना के तहत कार्डधारकों का इलाज कर रहे हैं। इनका करीब 700 करोड़ रुपया बकाया चल रहा है, जिसके भुगतान के लिए पत्र व्यवहार किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई जवाब संतोषजनक नहीं मिला है। अकेले हिसार जिले में 70 निजी अस्पताल आष्युमान योजना के तहत अपनी सेवाएं देते हैं और उनका करीब 200 करोड़ की पेमेंट सरकार की तरफ बकाया है। सरकार की तरफ से भुगतान में हो रही देरी के चलते आईएमए यह फैसला लेने पर मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य के आयुष्मान भारत योजना से पंजीकृत निजी अस्पतालों को बीते कई महीनों से गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की तरफ से मार्च 2025 के बाद से कई अस्पतालों को कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।


हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते आईएमए के पदाधिकारी।

### बिना स्पष्ट कारण मनमानी कटौतियों पर आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि अनावश्यक एवं मनमानी कटौतियां क्लेम की गई राशि में बिना स्पष्ट कारण के कटौती कर दी जाती है, जिससे अस्पतालों को भारी वित्तीय नुकसान होता है। पोर्टल पर अस्पतालों द्वारा समय पर डेटा एंट्री और क्लेम अपलोड करने के बावजूद तकनीकी खामियों के कारण क्लेम रिजेक्ट हो जाते हैं। बहुत-सी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार द्वारा तय दरें बेहद कम हैं, जिससे लागत निकालना असंभव हो गया है। बार बार दस्तावेजों की मांग और क्लेम की प्रक्रिया में अत्यधिक देरी प्रशासनिक बोझ बढ़ा रही है। एक ही मरीज के लिए किए गए बार-बार इलाज को स्कीम से बाहर कर दिया जाता है, जिससे मरीज और अस्पताल दोनों को असुविधा होती है।

### सीएम से मिलने के बाद भी स्थाई समाधान नहीं

आईएमए की प्रदेश कार्याकारिणी द्वारा मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य सचिव और अन्य संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं से कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस और स्थायी समाधान सामने नहीं आया है। इस स्थिति से विवश होकर राज्य के सभी आयुष्मान पैनल अस्पतालों ने सर्वसम्मति से यह 7 अगस्त से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अपनी सेवाएं स्थगित करने का फैसला लिया है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष डॉ. मेधा जैन, डॉ. पूजा भुटानी, डॉ. कमल किशोर, डॉ. तरुण सपरा, डॉ. साहिल पोपली, डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. मृदुल शर्मा, डॉ. विवेक गोयल, डॉ. राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### भुगतान प्रक्रिया न तो पारदर्शी रही है और न ही समयबद्ध

उन्होंने आरोप लगाया कि भुगतान प्रक्रिया न तो पारदर्शी रही है और न ही समयबद्ध। इससे न केवल अस्पतालों की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है, बल्कि कर्मचारियों के वेतन और दवाइयों/उपकरणों की खरीदी पर भी असर पड़ रहा है।

## पुलिस ने सुलझाई महिला के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

- फोन नहीं उठाने पर की थी भाटिया कॉलोनी की कविता की हत्या
- गत 18 जुलाई को घर की छत पर चारपाई पर कविता का लहुलुहान हालत में शव मिला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। भाटिया कॉलोनी निवासी कविता का मर्डर करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

भाटिया कॉलोनी में 18 जुलाई रात को छत पर मिले महिला की शव के ब्लाइंड मर्डर का पटाक्षेप करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर थाना पुलिस को 18 जुलाई को भाटिया कॉलोनी निवासी कविता की हत्या मामले में आरोपी भिवानी जिले के गांव रोहनात निवासी सुशील उर्फ शीलु को गिरफ्तार किया है। बता दें कि कविता का शव घर की छत पर चारपाई पर लहुलुहान हालत में मिला था।

यह जानकारी देते हुए जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी सुशील ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसने 18 जुलाई को कविता के पास फोन किया था लेकिन उस वक्त कविता दूसरी फोन कॉल पर व्यस्त थी और उसने मेरा फोन नहीं उठाया और न ही वापस फोन किया। आरोपी में पूछताछ में बताया कि फोन नहीं उठाने पर उसे गुस्सा आया गया और उसके बाद उसने देर रात कविता के घर के सामने पहुंचकर उसके पास फोन किया तो कविता ने उसका फोन उठा लिया। उसके कहने पर उसने घर का दरवाजा खोल दिया। इसके बाद वह कविता को साथ लेकर उनके मकान के उपर छत पर चला गया। वहां आरोपी ने फोन व्यस्त होने के कारण को लेकर कविता से पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया जिस पर दोनो में आपसी कहासुनी हो गई और मैंने तैश में आकर कविता की गर्दन पर चाकू से वार कर दिए जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गई और वह मौके से फरार हो गया।

जांच अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी सुशील को न्यायालय में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद करने सहित गहनता से पुछताछ की जाएगी।

### पत्नी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर पति की पिटाई की, मामला दर्ज

**नारनौंद।** गांव ढाणी ब्राह्मणान में एक युवक को उसकी पत्नी ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर घर में घुसकर से पीटकर घायल कर दिया। उसे इलाज के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने उसकी पत्नी सहित दो सालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाणी ब्राह्मणान निवासी 49 वर्षीय भाल सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह पेशे से किसान है। दो अगस्त की रात करीब एक बजे उसके साले भिवानी जिले के तोशाम के गांव सांगवान निवासी बलजीत, विक्रम और उसकी पत्नी मुकेश उसके घर पर पहुंचे। उस समय भाल सिंह घर के मुख्य दरवाजे पर सोया हुआ था। आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसे दबोच लिया और जबरन घर के पिछले कमरे में ले गए और उसकी पिटाई की। दरवाजा बंद कर उसे घर में ही बंद कर दिया गया। हमले में उसके सिर, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटें आई हैं। सुबह जब उनका बेटा अमन वहां आया तब उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर मेरी भाभी राजबाला मौके पर पहुंचीं और उन्होंने यह सूचना मेरे भाई ज्ञानी राम को दी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## 54 बेसहारा पशुओं को भेजा गो-अभ्यारण

- नगर निगम प्रशासन की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने के विशेष अभियान का 5वां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार एक अगस्त से 31 अगस्त तक बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पांचवे दिन नगर निगम की टीम ने राजीव नगर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने की शुरुआत की। इसके साथ ही न्यू महाबीर कॉलोनी, सेक्टर 1-4, सेक्टर 3-5, आनंद निकेतन और सुरजमल इन्कलेव के आस-पास के क्षेत्र से 54 पशुओं को पकड़कर गांव ढंढूर के पास बने नगर निगम के गो-अभ्यारण में भेजा गया। इस दौरान अभियान के डयूटी मैजिस्टेट डॉ. विशाल शर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा महिला एवं पुरुष पुलिस के जवान साथ रहे। नगर निगम की कैटल कैचर टीम, तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा, टीम सहित, यूनियन प्रधान सुरेंद्र और पशुपालन विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम भी साथ रही। इस अभियान में नगर पालिका कर्मचारी यूनियन की भी पूर्ण भागीदारी रही। बता दें कि अभियान की शुरुआत मेयर प्रवीण पोपली ने की थी। इस अभियान में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा को नोडल ऑफिसर, सहायक ऑफिस सुरेन्द्र वर्मा को सहायक नोडल ऑफिसर बनाया गया है।


हिसार। बेसहारा पशुओं को पकड़ती नगर निगम की टीम।

अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि इस अभियान के दौरान अगर कोई क्षेत्रवासी या पशुपालक बाधा उत्पन्न करेगा तो पशु क्रूरता एवं अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर रखी मांगें

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने राज्य कमेटी के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया और कार्यकारी अभियंता नंबर एक, हिसार को बिजली मंत्री व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुरेश रोहिल्ला ने की व संचालन अनिल वर्मा ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव ओमप्रकाश वर्मा, राज्य के नेता जगमिंदर पुनिया, दिलबाग जांगड़ा व अशोक सैनी ने बताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी ना ही कर्मचारियों के हित में और ना ही जनता के हित में हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## एक सप्ताह में सड़कों तथा गलियों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

- एसडीएम ने कबाड़ का कार्य करने वाले दुकानदारों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। दुकानदारों के साथ बैठक करते एसडीएम राजेश खोथ

शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को शहर में कबाड़ का काम करने वाले दुकानदारों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक में शहर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुकानदार एक सप्ताह के अंदर सड़कों, गलियों और सार्वजनिक क्षेत्रों से अपने-अपने कबाड़ को हटाकर अतिक्रमण मुक्त करें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को बाधित करता है, बल्कि आमजन की सुविधा और सुरक्षा में भी बाधा बनता है।

एसडीएम ने निर्देश दिए कि जिन खाली प्लॉटों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से कबाड़ पड़ा हुआ है, उन क्षेत्रों की फेंसिंग करवाकर उन्हें सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में दोबारा वहा अव्यवस्था न फैल सके। एसडीएम ने दुकानदारों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि तय समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन के माध्यम से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर बिंटू, रमेश, प्रवीण सहित अन्य दुकानदारों ने सड़क से तुरंत अतिक्रमण हटाने तथा इस कार्य में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## नशे के आदी लोग उपचार के लिए आए आगे

- 2 माह में 8 हजार 500 से ज्यादा लोगों को उपचार के लिए किया पंजीकृत
- जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नशे की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। नशे के आदी लोग खुद आगे आकर अपना उपचार करवा रहे हैं और नशा छोड़ रहे हैं। नागरिक अस्पताल द्वारा पिछले 2 माह में 8 हजार 500 से ज्यादा लोगों को उपचार के लिए पंजीकृत किया गया है। इन लोगों का लगातार फालोअप किया जा रहा है, साथ ही इनका उपचार के प्रति फीडबैक भी दर्ज किया जा रहा है। लगभग 55 प्रतिशत लोगों ने उपचार से संतुष्टि जाहिर की है। इनके अतिरिक्त अभी तक 20 प्रतिशत लोग नशा छोड़ चुके हैं। 20 प्रतिशत लोगों की प्रतिक्रियाएं अभी प्राप्त नहीं हुई हैं।

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) की बैठक में नशे के खिलाफ चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा के दौरान उक्त जानकारी दी गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में नशा पीड़ित व्यक्तियों का नियमित और प्रभावी फॉलोअप सुनिश्चित करना होगा।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने इस प्रक्रिया के दौरान चिन्हित ड्रग पैडलर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पूर्व में चिन्हित किए गए थे। उनके विरुद्ध ठोस कार्रवाई की गई है। बैठक में हिसार की एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी के एसडीएम राजेश खोथ, बरवाला के एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद के

## बार-बार अवगत कराने के बाद भी गुजवि प्रशासन ने नहीं दिखाई गंभीरता

# फीस वृद्धि के खिलाफ गुजवि में दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन

- फीस वृद्धि वापस नहीं होने ते जारी करेगा बेमियादी धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में एनएसयूआई ने बढ़ती हुई फीस को लेकर प्रदर्शन किया। टीम एनएसयूआई छात्र- छात्राओं के हक अधिकारों की लड़ाई हमेशा लड़ती आई है और लड़ती रहेगी। एनएसयूआई जीजेयू अध्यक्ष विकास बनभौरी ने बताया कि संगठनने कुछ दिन पहले विश्वविद्यालय प्रशासन को ये अवगत करवाया था कि विश्वविद्यालय में फीस की बढ़ोतरी लगातार हो रही रही हैं। इसके चलते टीम ने प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था और चेतावनी भी दी थी कि अगर फीस कम नहीं हुई तो छात्र-छात्राएं और छात्र संगठन एनएसयूआई मिलकर एक बड़ा आंदोलन विश्वविद्यालय में करेंगे। लेकिन प्रशासन के कानों में उस ज्ञापन की जूं तक नहीं रेंगी। इस कारण आज छात्र संगठन एनएसयूआई में यह प्रदर्शन किया है और अगर आज भी हमारी मांगे नहीं मानी तो हमारा अनिश्चितकालीन धरना चलेगा।



हिसार। फीस वृद्धि के खिलाफ धरना देते एनएसयूआई के सदस्य।

राज्य सचिव भागी राणा ने बताया कि छात्रों की मांगो को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक हम धरना प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। वरिष्ठ सलाहकार अजय बॉक्सर, प्रमोद सिसाय, अंकित सुलखनी ने बताया कि हमारी पूरी टीम इस धरने प्रदर्शन पर डटी रहेगी। हमारी मांगों को हम मनवा कर रहेंगे इसके लिए फिर हमें भूख हड़ताल है क्यों न करनी पड़े। इस प्रदर्शन में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रोहित दलाल, रोहित नैन, राहुल, वरुण बच्ची, मयंक, सौरभ रनवा, बादल सातरोड़, मंगल आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंद विद्यार्थी को फीस को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी विद्यार्थी को फीस की वजह से पढ़ाई न छोड़नी पड़े। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पहले हितधारक हैं, उनकी हर समस्या का समाधान करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है।



कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि विश्वविद्यालय कई योजनाओं और छात्रवृतियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सीधी सहायता करता है। जो विद्यार्थी योजनाओं व छात्रवृतियों में कवर नहीं होते हैं उनको विश्वविद्यालय सीधे तौर पर भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाता है। ऐसे में विद्यार्थी फीस पर नहीं पढ़ाई पर ध्यान दें।



# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

## लाइफ Style



# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

## टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्द पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।


## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



### क्या है फिल्म की कहानी?

वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



*देश की पहली जुबली गर्ल* : ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

*नई दिल्ली। नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज़ नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंटस फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के



दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

# हकृवि के बाजरा अनुभाग को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान केंद्र अवार्ड

■ बेहतर प्रदर्शन करने पर तीसरी बार मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने वर्ष 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन करने पर बाजरा अनुभाग को लगातार तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ बाजरा अनुसंधान केन्द्र का पुरस्कार प्रदान किया है। आईसीएआर-आईएआरआई द्वारा बाजरा, ज्वार और लघु बाजरा पर एआईसीआरपी की संयुक्त वार्षिक समूह बैठक (बाजरा की 60वीं वार्षिक बैठक) में सचिव (डीएआरई) एवं महानिदेशक (आईसीएआर) डॉ. एमएल जाट द्वारा उपरोक्त पुरस्कार दिया गया।


हिसार । कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज वैज्ञानिकों के साथ।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने वैज्ञानिकों द्वारा अर्जित की गई इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने हाल ही के वर्षों में बाजरा की उन्नत किस्मों के विकास, बाजरा में नए रोग कारकों की पहचान, बाजरा के संकर बीज उत्पादन व व्यवसायीकरण में बहुत सराहनीय कार्य किए हैं।

### विभिन्न उन्नत किस्में विकसित करके लहराया परचम

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि बाजरा अनुभाग देश के अग्रणी बाजरा केन्द्रों में से एक है। उन्होंने बताया कि विभाग ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक विभिन्न उन्नत किस्में विकसित करके देश में अपना परचम लहराया है। बाजरा अनुभाग ने अब तक 18 संकर और चार मिश्रित किस्में विकसित की हैं। केन्द्र ने दुनिया में सबसे कम अवधि का लैंडमार्क संकर एचएचबी- 67 पहला मार्कर सहायता प्राप्त विकसित संकर एचएचबी-67 संशोधित, ए-4 साइटोप्लाज्म पर पहला सार्वजनिक क्षेत्र का संकर एचएचबी-216, दो बायोफोरटिफाईड (उच्च लोहा और जस्ता) संकर एचएचबी-299 एचएचबी-311 और एक अन्य एमएएस संस्करण संकर-67 संशोधित 2 जारी किया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित 9 बाजरा संकर एचएचबी-67 संशोधित, एचएचबी-197 एचएचबी-223, एचएचबी-226, एचएचबी-234, एचएचबी-272, एच एच बी-67 संशोधित 2, एचएचबी-299 और एचएचबी-311 के बीज का उत्पादन और वितपन्न करने के लिए 2011 से 2025 तक 10 निजी बीज संगठनों के साथ 14 गैर-अनन्य लाइसेंस समझौता ज्ञापन किए गए हैं।

### बाजरा अनुभाग ने प्राप्त किए अनेक अवार्ड

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने विभाग द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियां पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2002 के दौरान बाजारा सुधार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए द्विवार्षिक आईसीएआर टीम द्वारा अनुसंधान पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 2003 के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा चौधरी देवीलाल सर्वश्रेष्ठ अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना पुरस्कार, पांच बार आईसीएआर-एआईसीआरपी द्वारा सर्वश्रेष्ठ एआईसीआरपी बाजरा केन्द्र पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त विभाग ने अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने पर भी अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

### हरियाणा में बाजरा की फसल एक नजर में

बाजरा अनुभाग, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल यादव ने बताया कि बाजरा अनाज और चारे के लिए एक महत्वपूर्ण फसल है। बाजरा मुख्यतः महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, भिवानी, चरखी दादरी, हिसार तथा झज्जर जिलों में बोया जाता है। इन क्षेत्रों में कम वर्षा और उच्च तापमान होता है। जो की बाजरा कि फ़सल के लिए उपयुक्त है। उन्होंने बताया कि किसानों के सामने जो प्रमुख चुनौतियां हैं उनमें बाजार की अनिश्चिता, नवीनतम विकसित संकर उन्नत बीजों तक सीमित पहुंच और वैज्ञानिक खेती पद्धतियों का कम अपनाना शामिल है। गत पांच वर्षों के दौरान प्रदेश में बाजरा का रकबा 4.83 से 5.74 लाख हेक्टेयर के बीच रहा है तथा बाजरा का उत्पादन 10.62 से 16.62 लाख टन के बीच रहा है और उत्पादकता 2311 से 2897 किलोग्राम/हेक्टेयर के बीच रही है। जो प्रमुख बाजरा उत्पादक राज्यों में देश में सबसे अधिक है। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र यादव, डॉ. देवव्रत यादव, डॉ. विनोद मलिक, डॉ. नीरज खरोड़, डॉ. हर्षदीप, डॉ. पंकज व डॉ. ज्योति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भक्तों ने भगवान शिव के औघड़ स्वरूप के किए दर्शन

**हिसार।** बीड़ धाम में श्रावण माह में शिव परिवार की विशेष रूप से आराधना की गई। भक्तों को भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों के दर्शनों का भी अवसर मिला। श्रावण माह के अंतिम सोमवार को बीड़ बबरान धाम में भगवान शिव के औघड़ स्परूप को सजाया गया। इस आलौकिक, दिव्य और अदभुत स्वरूप के दर्शन करके श्रद्धालु निहाल हो गए। भक्तों ने धाम में प्रवेश करते ही श्याम बाबा के दरबार में माथा टेका और शिव के औघड़ स्वरूप को देखकर नतमस्तक हो गए।

### आरडीएम के कनिष्ठ वर्ग ने किया सामूहिक मंत्र जाप

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में महासावन के अंतिम सोमवार के उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने सामूहिक शिवजी के 108 नाम का जाप किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक डॉ. केसी शर्मा व प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस कटारिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन से ही अगर बच्चों में इस प्रकार के संस्कार डाल दिए जाएं तो बच्चों का विकास होगा।

### अवैध हथियार व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने एक अवैध देशी कट्टा व एक कारतूस सहित भिवानी जिले के गांव मिलकपुर निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। स्पेशल स्टाफ में तैनात मुख्य सिपाही मुकेश कुमार ने बताया कि स्पेशल स्टाफ पुलिस को गश्त पड़ताल दौरान सूचना मिली थी कि हाजमपुर गांव के पास एक युवक अवैध हथियार लिए खड़ा है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी भिवानी जिले के गांव जमालपुर निवासी संजय को गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ इंचार्ज आशा राम ने बताया कि आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की यूनिट नंबर दो ने किया प्रदर्शन

# कर्मचारियों के हित में नहीं ऑनलाइन ट्रांसफर नीति, वापस लें : जगमिंद्र

मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार । ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ प्रदर्शन करते यूनिट नंबर दो के बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर यूनिट नंबर दो द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन कर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर रोष जताया गया और मुख्यमंत्री व बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन कार्यकारी अभियंता को सौंपा गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट प्रधान विजेंद्र पुनिया ने किया तथा संचालन यूनिट सचिव रमेश झोरड़ ने किया।

गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य उपप्रधान जगमिंद्र पूनिया ने बताया कि हरियाणा सरकार की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी बिजली विभाग के हित में नहीं है। यदि यह विभाग में लागू होती है तो इसके कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी, क्योंकि तकनीकी कर्मचारी जब ट्रांसफर होकर अन्य क्षेत्र में जाएंगे तो एरिया नया होने के कारण उनको लाइनों लाइनों की जानकारी नहीं होगी, जो हादसों का सबब बनेगी। इसलिए इस पॉलिसी को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इस ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को वापस नहीं लिया तो यूनियन को मजबूरन आंदोलन तेज करने को मजबूर होना पड़ेगा। गेट मीटिंग को सर्कल सचिव ओमप्रकाश वर्मा, दलीप सोनी, रविंद्र बिश्नोई, मुकेश गौतम, बलबीर बिश्नोई तथा आदमपुर, अग्रोहा, बाडोपट्टी, बरवाला, सातरोड व कंस्ट्रक्शन सब यूनिटों के प्रधानों ने भी संबोधित किया।

### सरकार मैनेजमेंट के खिलाफ की नारेबाजी

**हांसी।** हरियाणा सरकार व निगम मैनेजमेंट द्वारा जारी की गई आदर्श ऑनलाइन तबादला पॉलिसी के खिलाफ मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन व बिजली निगम के कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा ने की। इस दौरान मंच संचालन सचिव जोनी कुमार ने किया। विरोध प्रदर्शन में हिसार, नारनौंद, मुंढाल, उमरा, सीटी, सब अर्बन हांसी के कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने सरकार व निगम मैनेजमेंट के खिलाफ ऑन लाइन तबादला नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। और अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजली विभाग हरियाणा व बिजली मंत्री के नाम कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला प्रधान सुरेंद्र यादव कहा कि यदि सरकार ने तबादला नीति को वापिस नहीं लिया तो यूनियन 20 अगस्त को पूरे प्रदेश में सभी अधिक्षक अभियंताओं को यूनियन मास डेपुटेशन अतिरिक्त चीफ सैक्टरी बिजली विभाग व बिजली मंत्री अनिल विज हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मीटिंग में सतीश शर्मा, मनोज बडाला, अमीरचंद जांगड़ा, विनोद दूहन, संदीप, राजेश पेटवाड़, रामदिया शर्मा, रणजीत सैनी, पवन कुमार, अनिल चौहान, सतीश रोहिल्ला, राजबीर लोहान, राकेश पेटवाड़, सोमबीर मोर, सुमित मित्तल, अमरजीत यादव, राजेश सैनी, श्यामपाल यादव आदि सहित काफी संख्या में यूनियन पदाधिकारी मौजूद थे।


हिसार । ऑनलाइन तबादला नीति के खिलाफ कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपते यूनियन पदाधिकारी।

## ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के खिलाफ जताया विरोध

■ कार्यकारी अभियंता सीबीओ कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर बिजली निगमों में लागू की गई ऑनलाईन ट्रांसफर नीति के विरोध में कार्यकारी अभियंता सीबीओ कार्यालय के समक्ष गेट मीटिंग का आयोजन कर रोष प्रकट किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुनील कुमार ने की तथा संचालन राज्य उप प्रधान अशोक नेहरा ने किया। गेट मीटिंग के बाद ऑनलाइन ट्रांसफर नीति को रद्द करने की मांग को लेकर बिजली मंत्री, हरियाणा व अतिरिक्त मुख्य सचिव पावर के नाम ज्ञापन कार्यकारी अभियंता को सौंपा गया। इस मौके पर ईईएफआई केन्द्रीय कमेटी व राज्य कमेटी सदस्य पूनम कुंडू, सर्कल सेक्रेटरी महेश दहिया, राज्य उप प्रधान अशोक नेहरा व यूनिट प्रधान विकास तिवारी,.यूनियन के राज्य कमेटी सदस्य अशोक सैनी, यूनिट सचिव अजय, सत्यवान, उप प्रधान अनिल सिसला, अंजली, योगेश कथोरिया, कैशियर नीरज खोवाल, ऑडिटर श्रद्धानंद आदि ने भी संबोधित किया।


हिसार । मरीज के साथ चिकित्सकों की टीम। फोटो : हरिभूमि

## सर्वोदय हॉस्पिटल में अधिवृक्क कैंसर की 11 सेमी की गांठ की सफल सर्जरी

**हिसार।** सर्वोदय मल्टी स्पेशलिटी एवं कैंसर हॉस्पिटल के प्रसिद्ध सर्जिकल ऑंकोलॉजिस्ट डॉ. रविंद्र कुमार ने हाल ही में एक 60 वर्षीय पुरुष मरीज की जटिल और जोखिमपूर्ण सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की। मरीज बाईं अधिवृक्क ग्रंथी में लगातार बढ़ती गांठ और हार्मोनल असंतुलन की समस्या से परेशान था। जांच और एमआरआई स्कैन में पाया गया कि मरीज की अधिवृक्क ग्रंथि में 11.4 सेंटीमीटर आकार की विशाल गांठ है, जो क्रियाशील और संभावित रूप से घातक अधिवृक्क कैंसर हो सकती है। डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि अधिवृक्क ग्रंथि शरीर के सबसे गहरे और नाजुक हिस्सों में से एक है, जो किडनी के ऊपर स्थित रहती है और हार्मोन बनाने का काम करती है। यहां की गांठें कई बार हार्मोनल असंतुलन और ब्लड प्रेशर की गंभीर समस्या भी पैदा कर सकती हैं। इतनी बड़ी गांठ को निकालना एक जटिल और जोखिमपूर्ण सर्जरी थी, क्योंकि इसके आसपास महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाएं और अंग जैसे कि किडनी, पैंक्रियाज और लिवर होते हैं। विशेषज्ञ टीम ने सावधानीपूर्वक लगभग कई घंटे तक चली सर्जरी में पूरी गांठ को सुरक्षित रूप से निकालने में सफलता प्राप्त की। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति पूरी तरह से स्थिर रही और कोई बड़ी जटिलता नहीं हुई। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ विनीत कुमार ने इस उपलब्धि के लिए डॉक्टर्स व उनकी टीम की सराहना की।

## कोमल ने प्रथम, युगम ने द्वितीय और गावेश ने पाया तीसरा स्थान

■ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय साइंस सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी में ब्लॉक स्तरीय साइंस सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता खंड प्रभारी डॉ. संगीता सैनी द्वारा की गई और संचालन बीआरपी विज्ञान विभा सैनी, बीआरपी हिंदी रजनी वलेचा व एबीआरसी चित्रकांता द्वारा किया गया। सेमिनार में सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों के कक्षा 8 वीं से लेकर 10 वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेकर अपनी - अपनी प्रतिभा को उजागर किया। पीजीटी केमिस्ट्री सुनील कुमार और पीजीटी फिजिक्स रविन्द्र कुमार निर्णायक मंडल में शामिल रहे और सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में से पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालक की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान और दिनेश मेमोरियल हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरवाला के छात्र युगम ने द्वितीय स्थान तथा आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गैबीपुर के छात्र गावेश ने तृतीय स्थान हासिल करके अपने माता-पिता, गुरुजनों व विद्यालय का नाम रोशन किया। खंड प्रभारी डॉ संगीता सैनी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी के प्राचार्य सुभाष बिश्नोई ने सभी बच्चों को विज्ञान गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


बरवाला। ब्लॉक स्तरीय साइंस सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करती खंड प्रभारी डॉ. संगीता सैनी ।


हिसार : प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षा संस्थाओं के प्रधान

## जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 13 को निकाली जाएगी शोभा यात्रा : गर्ग

**हिसार।** बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार को भव्य भजन समारोह व भंडारे का आयोजन किया गया। भजन समारोह का कार्यक्रम देर रात तक चला। इसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर बाबा प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर व पीजीएसडी शिक्षा संस्थाओं के प्रधान बजरंग गर्ग ने मंदिर में पूजा करने के उपरांत भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि शिवालय मंदिर में 16 अगस्त को भव्य जन्माष्टमी का कार्यक्रम होगा। इसमें मनमोहन झांकियां सजाई जाएगी। गर्ग ने कहा कि जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को शिवालय मंदिर से शोभा यात्रा सुबह से निकाली जाएगी। जिसमें शहर की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा संस्थान के प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, जगत नारायण, सत्यपाल असीजा, रमेश पटवारी, जगदीश प्रधान, मनोहर लाल नागरू, प्रिंसिपल सेतेंद्र गोयल, नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, रमेश लोहिया, सुरेंद्र सिंगला, प्रवीण जैन, मोहन लाल तनेजा, बुधला संत मंदिर के प्रधान राजकुमार सेहतीया आदि प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

### लाडवा में किसान सभा की बैठक का आयोजन


# खराब हुई फसलों का 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए : शमशेर

■ डीएपी, यूरिया, कीटनाशकों की कालाबाजारी व मिलावट का काम जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

किसान सभा की बैठक निकटवर्ती गांव लाडवा के पंचायत घर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मोहनलाल शर्मा ने की। सभा में ग्रामीण कमेटी का गठन किया गया जिसमें सतपाल शर्मा को प्रधान चुना गया। रोशन व चमेल को उपप्रधान, सुरेश पूनिया को सचिव व काला भक्त को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में विशेष रुप से उपस्थित किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नम्बरदार ने कहा कि कृषि प्रधान राज्य हरियाणा में डीएपी, यूरिया, बीज व कीटनाशकों की कालाबाजारी व मिलावट का काम जोरों पर है। किसानों को पैसे देकर भी समय पर खाद, बीज आदि नहीं मिल रहे। एमएसपी का मुद्दा गायब है। अपनी मांगों का बार-बार शासन-प्रशासन को ज्ञापन देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही।

उन्होंने बताया कि अकेले लाडवा गांव की तीन हजार एकड़ भूमि में पानी भर चुका है जिससे फसलों, पशुओं और ढाणियों को भारी नुकसान हुआ है। खराब हुई फसलों का सर्वे करवाकर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवजा दिया जाए।


हिसार । किसान सभा की लाडवा में हुई बैठक में भाग लेते किसान।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर किसान सभा के तहसील प्रधान सूबेसिंह बूरा, वजीर, संतलाल, नरेन्द्र, लाला कुम्हार, मंदीप, कर्मबीर, राजेन्द्र, शमशेर, राजकुमार, रामचरण, संदीप, जगमाल, मा. बलजीत पूनिया, दिलबाग सोढ़ी, कृष्ण सहारण, रामफल, संदीप कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

## 'बायोएक्टिव बेस्ड नैनोथेरेप्यूटिक्स' नामक पुस्तक का किया विमोचन

यह पुस्तक ऑनलाइन भी उपलब्ध है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने 'बायोएक्टिव बेस्ड नैनोथेरेप्यूटिक्स' नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक का संपादन गुजविप्रौवि के प्रो. राकेश सिंधु व प्रो. सुमित्रा सिंह तथा सिवास कम्हुरियेट विश्वविद्यालय तुर्की के फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. एवरेन एल्गिन थापर ने किया है। इस पुस्तक का प्रकाशन अंतराष्ट्रीय स्तर प्रतिष्ठित प्रकाशक विले द्वारा किया गया है। कुलपति नरसीराम बिश्नोई ने कहा कि 'बायोएक्टिव बेस्ड नैनोथेरेप्यूटिक्स' नामक पुस्तक न केवल पुस्तक का संपादन करने वाले वरिष्ठ शिक्षकों के लिए बल्कि गुजविप्रौवि के लिए भी एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक रोगों के उपचार के लिए समग्र और बायोएक्टिव-आधारित विधियों में रुचि रखने वाले शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग के पेशेवरों के लिए बहुत उपयोगी है। प्रो. राकेश सिंधु और प्रो. सुमित्रा सिंह ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) के पाठ्यक्रम के अनुसार फार्मेसी के छात्रों के लिए पहले भी कई पुस्तकें लिखी हैं। यह पुस्तक ऑनलाइन भी उपलब्ध है।


हिसार। 'बायोएक्टिव बेस्ड नैनोथेरेप्यूटिक्स' नामक पुस्तक का विमोचन करते गुजवि के कुलपति प्रो . नरसीराम बिश्नोई।

**खबर संक्षेप**

### एसडीएम ने चलाया पौधरोपण अभियान

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में मंगलवार को गांव ढाणा कला में विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर 600 से अधिक पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर एसडीएम ने स्वयं भी पौधरोपण किया। यह पौधरोपण गांव के श्मशान घाट, तालाबों के किनारे, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, राजकीय उच्च विद्यालय, बस स्टॉप, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु अस्पताल में तथा गांव के मुख्य द्वारों के निकट किया गया।

### घिराय के मंदिर राधा-कृष्णा की मूर्ति की स्थापना की

**हिसार।** घिराय के प्रतिष्ठित व्यवसायी घराने घिराइया बंसल परिवार ने दिल्ली से घिराय पहुंचकर कन्या गुरुकुल घिराय का अवलोकन किया। बंसल परिवार की ओर से अनिल बंसल, पुरुषोत्तम बंसल, रघुबीर बंसल व उनका पूरा परिवार गुरुकुल पहुंचा। इस मौके पर बंसल परिवार ने गांव के मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति की स्थापना करवाई और भंडारा लगाया जिसमें उन्होंने गुरुकुल की छात्राओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर भोजन करवाया।

### मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए कटवाए रहे चक्कर

**हिसार।** अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमएल सहगल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों व सहकारी संस्थानों के आधीन कार्यरत व सेवानिवृत कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर लगातार प्रचार-प्रसार कर रही है, परंतु सरकारी कार्यरत व सेवानिवृत कर्मचारियों को सरकारी अस्पतालों में दाखिल होने पर हुए खर्च की भरपाई संबंधी बिलों का भुगतान लंबे समय तक नहीं किया जाता है।

### 19 हजार 832 व्यक्तियों की हुई मलेरिया जांच

**हिसार।** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि जुलाई माह के दौरान जिले में 19 हजार 832 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया के 3 केस सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन हमेशा बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें बरसात का पानी इकट्ठा रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

# श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात करके उन पर अमल करें : साध्वी निष्ठानंद

- मोक्ष वृद्धाश्रम में पांच दिवसीय श्रीरामकथा में बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**मोक्ष वृद्धाश्रम में पूर्णाहुति के साथ पांच दिवसीय श्रीरामकथा संपन्न, विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु**

मोक्ष वृद्धाश्रम में चल रही पांच दिवसीय श्रीरामकथा कथा विश्राम व पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुई। तपोभूमि परमहंस योग आश्रम की बालयोगिनी साध्वी निष्ठानंद सरस्वती जी ने पांच दिनों तक श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करके आध्यात्मिकता का संचार कर दिया।

उन्होंने शिव-पार्वती विवाह, श्रीराम जन्म, राक्षसों का संहार, श्रीराम-जानकी विवाह, वनगमन, भरत मिलाप, श्रीराम-रावण युद्ध और श्रीराम राज्याभिषेक सहित विभिन्न अध्यायों से साक्षात्कार करवाया। पूर्णाहुति के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने सात्विक लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया। श्रीरामकथा के अंतिम दिन श्रीराम राज्यभिषेक व श्रीराम दरबार की झांकी निकाली गई। प्रभु श्रीराम, माता सीता, भाई भरत, लक्ष्मण, शत्रघ्न व वीर हनुमान के प्रतिरूप बने बच्चों ने जब श्रीरामकथा स्थल पर प्रवेश किया तो पूरा पंडाल जय श्रीराम के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। सभी श्रद्धालु व बुजुर्ग श्रीराम के दर्शन करते हुए झूमने व नाचने लगे।

श्रीरामकथा के पांचवें दिन साध्वी निष्ठानंद सरस्वती जी ने सभी श्रद्धालुओं को श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात करके उन पर अमल करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रवचनों में स्पष्ट किया प्रभु श्रीराम को भी मानव रूप में बहुत से कष्ट झेलने पड़े। जब साक्षात भगवान को भी बाधाओं का सामना करना पड़ा तो फिर साधारण मनुष्य की बिसात ही क्या है। इसलिए प्रतिकूलता आए तो घबराने और निराश होने की अपेक्षा प्रेम व हिम्मत से आगे बढ़िए। उन्होंने कहा कि प्रभु से यही मांगिए कि परिवार में प्रेम व शांति बनी रहे। उन्होंने कहा की सुख के बाद दुख और दुख के बाद सुख अवश्य आता है। न तो दुख स्थाई है और न ही सुख स्थाई है।

**भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया**

श्रीरामकथा के दौरान भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान भी किया गया। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर, प्रधान विजय भृगु, नारी नारायणी फाउंडेशन से पूनम नागपाल, पार्षद डॉ. सुमन यादव, योगदा संस्था से शबनम हंस, निधि चौधरी, कुसुम सिंगल, ओमप्रकाश गोयल व शशि गोयल सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में श्रीरामकथा में श्रीराम राज्याभिषेक व श्रीराम दरबार की झांकी के दर्शन करते श्रद्धालु।

# पुट्ठी मंगल खां गांव में टूटी ड्रेन 200 एकड़ फसलें हुई जलमग्न

## खेतों में बसी ढाणियों का गांव से संपर्क टूटा, सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने किया ड्रेन के पानी के बहाव को बंद

**ग्रामीणों का आरोप, ड्रेन के ओवरफ्लो होने की सूचना देने पर भी अधिकारियों ने नहीं दिखाई गंभीरता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरसाती पानी की निकासी व जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए बनाई गई ड्रेन सोमवार रात को ओवरफ्लो होने के चलते गांव पुट्ठी मंगल खां में समीप टूट गई जिससे गांव के खेतों में खड़ी सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई। मंगलवार सुबह जब ग्रामीण सो कर उठे और खेतों की ओर गये तो उन्हें खेतों में पानी ही पानी नजर आया। ड्रेन में टूटने की वजह ड्रेन में पानी का दबाव और ओवरफ्लो होना बताया जा रहा है।

पीड़ित किसान सोनू ने बताया कि ड्रेन सोमवार की दोपहर बाद से ही ओवरफ्लो चल रही थी। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को ड्रेन के ओवरफ्लो होने की सूचना दी थी लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते पानी के दबाव में रात को ड्रेन का किनारा टूट गया और सुबह जब वह खेतों की ओर आए तो ड्रेन से तेज रफ्तार से पानी खेतों में फैलता जा रहा था। उन्होंने बताया कि ड्रेन के टूटने से करीब 200 एकड़ में खड़ी फसलें जलमग्न हो चुकी हैं। वहीं खेत में रहने वाले किसानों के घरों में पानी घुस गया तथा घर में जमीन पर रखा सामान व पशुओं के लिए रखी तुड़ी भीगने से खराब हो गई। वहीं किसानों के द्वारा खेतों में लगाए गए सोलर पंप, ट्यूबवेल, पाइप और अन्य कीमती उपकरण भी पानी में डूबने से खराब हो गए। ड्रेन के टूटने से किसानों का जहां घरों में रखा लाखों रुपये का सामान खराब हो गया वहीं खेतों में खड़ी करोड़ों रुपये की फसल खराब होने के कगार पर पहुंच गई। किसानों ने ड्रेन के टूटने से हुए जलभराव के चलते खराब हुई फसलों का सर्वे करवाकर मुआवजा दिए जाने की मांग की है।



ड्रेन टूटने से खेतों में बहता पानी और ड्रेन के पानी के बहाव को रोकने का प्रयास करते सिंचाई विभाग के कर्मचारी।



ड्रेन टूटने के बाद खेतों में खड़ा पानी

**गांव की तरफ का किनारा टूट जाता तो पुट्ठी मंगल खां हो जाता जलमग्न**

ड्रेन से तेजी से खेतों में बह रहे पानी से स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि खेतों में बसी ढाणियों तक जाने वाले रास्तों में भी भारी जलभराव हो जाने से ग्रामीणों का ढाणियों में रहने वाले लोगों से संपर्क टूट गया। लेकिन गनिमत रही कि ड्रेन का किनारा गांव की ओर नहीं अपितु खेतों की ओर टूट गया। अगर गांव की ओर का किनारा टूट जाता तो पूरा पुट्ठी मंगल खां गांव जलमग्न हो सकता था।

**मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारी**

ड्रेन का एक किनारा टूटने की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी पुरे अमले के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन की सहायता से करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पानी के बहाव को बंद कर दिया गया। आस-पास के खेतों में रहने किसानों ने सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर कट्टों में मिट्टी भर कर ड्रेन के टूटे हुए किनारे पर रखवा कर पानी के बहाव को बंद करवाया। लेकिन जब तक पानी के बहाव को बंद किया गया तब तक ड्रेन के आसपास के 200-250 एकड़ जमीन पर खड़ी फसल जलमग्न हो चुकी थी।

**ड्रेन के किनारे को ठीक करवाया : जेई**

मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के जेई प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें मंगलवार सुबह पुट्ठी मंगल खां गांव के समीप खेतों की ड्रेन के टूटने की सूचना मिली थी और सूचना मिलते ही वे सिंचाई विभाग के कर्मचारियों तथा जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर ट्राली के साथ मौके पर पहुंच गए थे और सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने आस-पास के किसानों के साथ मिलकर ड्रेन के टूटे हुए किनारे पर मिट्टी से कट्टे रख पानी के बहाव को बंद करवाया गया। उसके बाद जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी डाल कर ड्रेन के किनारे को ठीक करवा दिया गया।




**हिसार।** प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थी।

## डीपीएस के अरमान एवं ओशीन पूनिया ने जीते स्वर्ण पदक

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र अरमान एवं छात्रा ओशीन पूनिया ने मॉडर्न डिफेंस स्कूल में आयोजित 24वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में अरमान ने अंडर-19 और ओशीन ने 8 से 10 वर्ष में भाग लिया और अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अरमान एवं ओशीन का चयन हरियाणा राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो निकट भविष्य में आयोजित की जाएगी। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने कहा कि अरमान एवं ओशीन पूनिया ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया है कि लगन और अभ्यास के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने कहा कि हमारे कराटे खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे डीपीएस परिवार के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उनकी मेहनत, खेल के प्रति समर्पण और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

## फाउंडेशन ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

**नारनौंद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हरनंद शर्मा फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में मंगलवार को बोर्ड की दसवीं कक्षा में अव्वल रहने वाले छात्रों को गांव पेटवाड़ में हरिनंदन मेमोरियल लाइब्रेरी के प्रांगण में सम्मानित किया गया। हरनंद शर्मा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. शीतल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 में यह सम्मान आरजू आरडी हाई स्कूल पेटवाड़ की छात्रा आरजू और बाबा श्रीराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पेटवाड़ की छात्रा ममता सहित अन्य छात्रों को सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता हैं। पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. शीतल एवं स्वर्गीय हरनंद शर्मा की पत्नी संतोष देवी, ग्राम के सरपंच सतबीर सिंह, लाइब्रेरी संचालक डॉ. वेदपाल द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों एवं प्रधानाचार्यों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**नारनौंद।** गांव पेटवाड़ में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते सरपंच सतबीर सिंह व अन्य।




**नारनौंद।** विजेता छात्रों को स्कूल में पहुंचने पर सम्मानित करते विद्यालय के प्रशासक मंदीप सिंधु, प्राचार्य अमित गौड़ व अन्य ।

## परम मित्र स्कूल खांडा खेड़ी की कबड्डी टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नारनौंद।** गांव भाटला में आयोजित खंड स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में परम मित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। परम मित्र कन्या विद्या निकेतन स्कूल की कबड्डी टीम अंडर 14 आयु वर्ग में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल थुराना की टीम को हराकर ब्लॉक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय टीम के चार होनहार खिलाड़ियों का जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रशासक मंदीप सिंधु व प्राचार्य अमित गौड़ ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विद्यालय के डीपीई सुनील कुमार की सराहना की। प्राचार्य अमित गौड़ ने बताया की विद्यालय शिक्षार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए वचनबद्ध है।

## संतलाल अंबेडकर पर दर्ज मुकदमों के विरोध में एसपी को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष कमल कुमार बराड़ा और जिला महासचिव अमित जाटव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन से भेंट की। उन्होंने भीम आर्मी के वरिष्ठ नेता संतलाल अंबेडकर और अन्य लोगों के विरुद्ध हनी प्रकरण व पूनम प्रकरण में दर्ज कथित झूठे व बेबुनियाद मुकदमों के विरोध में ज्ञापन सौंपा। पार्टी नेताओं का दावा है कि एसपी शशांक कुमार सावन ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**हिसार।** प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

## महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल ने लहराया परचम

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी अदम्य ऊर्जा, मेहनत और खेल भावना से प्रदेश स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में धमाकेदार प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की अंडर-17 रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए उर्मित और निखिल ने रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन दोनों खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण के चलते विद्यालय का नाम प्रदेश स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार, खेल प्रशिक्षकों, अभिभावकों और खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा- हमारे छात्र-छात्राएं जिस प्रकार से हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, वह न केवल विद्यालय बल्कि भिवानी रोहिल्ला गांव की पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है।

## एसडीएम ने संयुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण

- कुछ स्थानों पर सफाई नहीं मिली संतोषजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए नगर परिषद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि परिसर में कुछ स्थानों पर सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बुधवार सुबह से पूरे परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि कार्यालय में आने वाले आमजन व कर्मचारियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सफाई व्यवस्था को लेकर समय-समय पर पुनः निरीक्षण भी किया जाएगा। एसडीएम ने कार्यालय परिसर में कचरे के उचित निष्पादन, शौचालयों की नियमित सफाई तथा पेड़-पौधों की देखरेख सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें और परिसर को एक आदर्श सरकारी कार्यालय परिसर के रूप में विकसित करें। इस अवसर पर नगर परिषद अधिकारियों ने एसडीएम को आश्वास्त किया कि बुधवार प्रातः 7 बजे से विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कर्मचारी पूरी तैयारी के साथ भाग लेंगे।



**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर का निरीक्षण दौरा करते एसडीएम।

**टाउन पार्क से लक्ष्मीबाई चौक तक सिक्स लेन बनाने की योजना पर चल रहा कार्य**

# डीसी ने सिक्स लेन करने की दिशा में ली प्रगति रिपोर्ट

- हिसार शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के उपायों पर हुई प्रगति की उपायुक्त ने समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा के लिए उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पिछली बैठकों में प्रस्तावित एजेंडों एवं कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उपायुक्त ने इस बैठक के सबसे महत्वपूर्ण बिंदू यानी कि लक्ष्मी बाई चौक से डाबड़ा चौक पुल से पहले बने मार्ग का सिक्स लेन करने की दिशा में विभागानुसार की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ली। उन्हें अवगत करवाया गया कि ज्यादातर विभागों द्वारा अनापत्ति पत्र दे दिए गए हैं। यह केस सरकार को भी भेज दिया गया है, जल्द ही जरूरी अनुमतियां मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। इसी प्रकार से डाबड़ा चौक जंक्शन में सुधार के लिए भी प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसका एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। इसके अलावा डाबड़ा माइनर पर रास्ते के निर्माण के संदर्भ में भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



**हिसार।** ट्रैफिक जाम से मुक्त करने हेतु समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव।

***यह रहे उपस्थित***

*इस बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

**कई रूट की बसें पिछले गेट से निकालनी शुरू**

रोडवेज महाप्रबंधक की तरफ से अवगत करवाया गया कि प्रथम चरण में कई रूट की बसें बस अड्डे के पिछले गेट से निकालनी शुरू कर दी गई हैं। सुशीला भवन के समीप स्कूल के पास स्लिप रोड के निर्माण का टेंडर कर वर्क अलॉट कर दिया गया है, जल्द ही यहां निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## जिले का लिंगानुपात सुधार के साथ 922 से बढ़कर 932 पहुंचा

हिसार। उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और लिंगानुपात में सुधार के लिए किए गए प्रभावी कदमों की समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ सपना गहलावत ने बताया कि जिले में हाल ही के लिंगानुपात में वृद्धि दर्ज की गई है और यह 922 से बढ़कर 932 हो गया है। जुलाई महीने में खेड़ी चौपटा, आदमपुर, हिसार शहर तथा खांडा खेड़ी में पीसी-पीएनडीटी के उल्लंघन मामलों में 4 एफआईआर दर्ज की गई है। अभी भी जिले के 4 खंड ऐसे हैं, जिनका लिंगानुपात 900 से नीचे है, इन सभी खंडों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उपायुक्त अनीश यादव ने निर्देश दिए कि कम लिंगानुपात वाले गांवों में गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएं। संदिग्ध आचरण तथा कम लिंगानुपात वाले गांवों से संबंधित आशा एवं आंगनवाड़ी वर्करों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि जुलाई माह में पीएनडीटी टीमों द्वारा 6 क्लीनिकों का दौरा किया गया। एएनसी पंजीकरण 10 सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जा रहा हैं।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव

परामर्श निःशुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा

कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000

अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Rishi Nagar, Hisar